卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 221 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦22 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हादसे में एक की मौत,चार घायल



उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। सुखी टॉप के पास एक यूटिलिटी वाहन दुर्घटनाग्रस्त गया। वाहन में पांच लोग सवार थे। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी। वाहन सवार लोग गंगोत्री से उत्तरकाशी की ओर वापस आ रहे थे। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब दस बजे गंगोत्री हाईवे पर सुखी टॉप के पास बिना नंबर का यूटिलिटी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जबकि चार अन्य यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना तत्काल स्थानीय लोगों ने हर्षिल थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया। पुलिस ने घायलों को वाहन से निकालकर 108 की मदद से निकटवर्ती अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया घायलों में 17 वर्षीय आयुष सेमवाल पुत्र सुरेश सेमवाल निवासी मुखवा,,26 वर्षीय सुरेश पुत्र विक्रम सिंह राणा, निवासी बयाणा, 40 वर्षीय तरन गिरि पुत्र मोहन गिरी, निवासी बयाणा, एवं 55 वर्षीय विजय पाल सिंह मराठा, निवासी किशनपुर शामिल हैं। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## घर के बाहर मासूम बच्ची पर गुलदार का हमला,हालत गंभीर

श्रीनगर (उद संवाददाता)। जिले के श्रीकोट गंगानाली में मंगलवार रात गुलदार ने चार वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर गुलदार बच्ची को छोड़ कर भाग गया। घटना में गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल भर्ती कराया



गया है।एक सप्ताह के अंदर गुलदार ने दूसरे बच्चे पर हमला किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे घर के आंगन में बैठी चार वर्षीय अधीरा पुत्री बलवंत सिंह रावत निवासी बंगाली स्वीट शॉप श्रीकोट गंगनाली पर गुलदार ने हमला बोल दिया। परिजनों के शोर करने पर गुलदार बच्ची को छोड़कर भाग गया। उन्होंने बताया कि बच्ची को उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्राला और सूमो की भिड़ंत में 11 लोग घायल

### ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा



श्रीनगर(उद संवाददाता)। ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागवान नाम की जगह पर ट्राला और सूमो कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सूमो सवार 11 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को श्रीकोट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क दुर्घटना सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास हुई। बताया जा रहा है कि एक ट्रोला संख्या पीबी13बीआर 4640 तेज रफ्तार में ऋषिकेश की ओर से श्रीनगर की तरफ आ रहा था। जबकि टाटा सूमो संख्या यूए 07एम 5229 श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर जा रही थी। इसी दौरान बागवान में आकांक्षा होटल के सामने दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रोला का आगे का हिसा पिचक कर अंदर धंस गया तो टाटा सूमो में सवार 11 लोग भी घायल हो गए। होटल के सामने हादसा होते ही वहां चीख पुकार मच गई। लोग घायलों की मदद को दौड़ पड़े। तुरंत पुलिस को भी दुर्घटना की सूचना दी गई। कीर्तिनगर पुलिस ने तत्काल घायलों को सूमो से निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से श्रीकोट अस्पताल श्रीनगर भेजा। घायलों में ग्राम जूना, ओल्ड वाड़ेज, अहमदाबाद निवासी अजय (शेष पृष्ठ सात पर)

## फेरी की आड़ में बच्ची को अगवा करने का प्रयास

### मोहल्ले वालों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गली मोहल्लों में फेरी लगाने की आड़ में एक बच्ची को अगवा कर ले जा रहे एक व्यक्ति को लोगों ने दबोचकर पुलिस के सुपुर्द का दिया। सीओ निहारिका तोमर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई को श्रीमती शीला बढोई पत्नी मंगल बढोई निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालौनी अपने साथराहुल पुत्र रामू, संदीप पुत्र विजय निवासीगण आदर्श इन्द्रा बंगाली कालौनी एक व्यक्ति परवेश पुत्र इशरार निवासी प्रीत विहार कालोनी को लेकर कोतवाली आई। उसने बताया कि उसकी दोनो नाबालिग पुत्रिया घर के बाहर ही खेल रहीं थीं। तभी एक व्यक्ति ने घर के बाहर खेल रहीं उसकी ढाई साल की पुत्री परी को अपहरण के इरादे से उठा लिया। और उसका मुँह को हाथ से दबाकर मौके से भागने लगा। बडी पुत्री नाबालिग की चीख पुकार सुनकर वह व आस- पास के अन्य लोग आ गये और उक्त अज्ञात व्यक्ति को पकड़ लिया। उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। सीओ ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा तवरित कार्यवाही करते (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला और युवक ने फांसी लगाकर दी जान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अलग अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों के चलते महिला व युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामलों की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम कुतुबपुरसीज पोस्ट नारायण पुर थाना मनिहारी जिला कटियार बिहार निवासी सोने लाल करीब 6 दिन पूर्व ही यमुनानगर हरियाणा से परिवार सहित यहां आकर विवेकनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये के कमरे में रह रहा था और एक कम्पनी में नौकरी कर रहा था। उसका कहना था कि गत दोपहर वह कम्पनी में काम के लिए गया और रात्रि करीब साढ़े बारह बजे घर लौटा तथा खाना खाकर सो गया। प्रातः करीब 4 बजे उसका दो वर्षीय पुत्र लक्ष रोने लगा तो उसने उठकर देखा उसकी पत्नी शारदा उसके पास मौजूद नहीं थी। पुत्र को गोद में लेकर शारदा का ढूढते हुए जब साथ वाले कमरे में पहुचा तो उसने देखा शारदा दुपट्टे से बने फांसी के फंदे से झूल रही थी। जिस पर उसने मकान मालिक व आस पड़ोस के लोगों को बुलाकर शारदा को फांसी से उतार कर उपचार के लिए चिकित्सालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोदाम से लिप्टिस के गिल्टे जब्त

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार की देर रात तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चोरपानी में स्थित एक गोदाम से भारी मात्रा में अवैध लिप्टिस के गिल्टे बरामद किये। वन विभाग की कार्रवाई के बाद लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी देते हुए तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि मंगलवार की देर रात मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम चोरपानी में स्थित एक गोदाम के अंदर लकड़ी तस्करों द्वारा अवैध रूप से लिप्टिस के गिल्टे छुपा कर रखे गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची विभाग की टीम में जाकर देखा तो अधिकारियों और कर्मचारियों के होश उड़ गए। डीएफओ बताया कि मौके पर टीम 100 अवैध गिल्टे लिप्टिस के बरामद कर उन्हें अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि वन निगम का लिप्टिस (शेष पृष्ठ सात पर)

12वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन



स्व. खान चन्द्र ठुकराल
(22 मई 2012)
आपकी स्मृतियां सदैव दिलों में जीवित रहेंगी
राजन मक्कड़-नीलम (दामाद-पुत्री)
चमन लाल ठुकराल (भतीजा
अरूण ठुकराल(भतीजा)
सिमरन,वंशिका,अमन (पौत्री)
जय, केशव (पौत्र)
करन (दौत्र)वृन्दा (दौत्री)
श्रीमती दर्शना ठुकराल (पत्नी)
राजकुमार ठुकराल विधायक -
कोमल ठुकराल (पुत्र-पुत्रबधू)
अजय ठुकराल-आंचल (पुत्र-पुत्रबधू)
संजय ठुकराल-सिम्मी (पुत्र-पुत्रबधू)
दीपक ठुकराल-शिल्पी (पुत्र-पुत्रबधू)
एवं समस्त ठुकराल परिवार, स्वरदूत- 9837088688

## दुकान खाली कराने पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुकान खाली करने और सामान को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तस्लीम पुत्र अयूब खान निवासी गौजाजाली उत्तर चौधरी कॉलोनी के अनुसार उसकी सी-16, गंगा इन्क्लेव नियर डीएसडी बैडबिन्टन कोड हल्द्वानी में मंजू तिवारी पत्नी केशव दत्त तिवारी की किरायेदारी में इलेक्ट्रानिक सामान की बिक्री एवं रिपेयरिंग की दुकान है। बीती 12 सितंबर 2023 को लगभग (शेष पृष्ठ सात पर)

## खूंखार सांड ने कैदियों के बीच जेलकैंप में मचाया आतंक

### नैनीताल से वन विभाग की ट्रेंकुलाइजर टीम बुलाई



सितारगंज (उद संवाददाता)। संपूर्णानंद शिविर केंद्रीय कारागार की भूमि में खेतीबाड़ी करने वाले बंदियों को आवारा सांड ने जमकर दौड़ाया। कुछ बंदियों के चोटिल होने की सूचना भी है। खूंखार सांड जब काबू में नहीं आया तो पशु चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। लेकिन पशु चिकित्सकों की टीम ने करीब 3 घंटे तक ट्रैक्टर की मदद से सांड को काबू में करने के लिए काफी जतन किए। पर सांड कब्जे में नही आ सका। सांड को काबू करने के लिए बुधवार को नैनीताल से वन विभाग की ट्रेंकुलाइजर टीम बुलाई जाएगी। संपूर्णानंद शिविर यानी खुली जेल के उम्रकैदी जेल कैंप की भूमि पर खेती-बाड़ी कर विचरण करते हैं। मंगलवार को आवारा सांड ने खेतों में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। कैदियों ने सांड को भगाने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ कैदियों के चोटिल होने की सूचना है। इसके बाद जेल प्रशासन ने पशु चिकित्सकों की टीम को आवारा सांड के उत्पात की सूचना दी। इसके बाद पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ. उबैश, राजेंद्र कुमार, सोहराब टीम के साथ जेल के पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर की (शेष पृष्ठ सात पर)

# चारधाम यात्रा सुखद एवं सुरक्षित बनाने की व्यवस्था करायें सभी नोडल अधिकारी

## सीएम ने की वनाग्नि, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं की समीक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश में संचालित चार धाम यात्रा, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं के साथ ही वनाग्नि की रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रबंधन की मुख्य सचिव सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर समय सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं से जुडे अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाते हुए तीर्थ यात्रियों की यात्रा सुखद एवं सुरक्षित बनाये जाने के प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि यात्रा को सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। मुख्यमंत्री ने शासन और पुलिस के अधिकारियों को पुन: निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा से सबंधित जो भी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाता है, उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखे जाने के साथ



यह सुनिश्चित किया जाए कि चारों धामों में श्रद्धालुओं की जो संख्या निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही श्रद्धालुओं को भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। चारधाम यात्रा में भी पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। पेयजल से जुड़े विभागों के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर पेयजल व्यवस्थाओं को देखें। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री शैलेश बगोली, सचिव एवं आयुक्त गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा पड़ावों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा प्रशासन

चमोली/ उत्तरकाशी। जनपद उत्तरकाशी में चारधाम यात्रा सुचारू और सुव्यस्थित रूप से संचालित हो रही है। आज सायं तक श्री यमुनोत्री धाम में 13290 तथा श्री गंगोत्री धाम में 12461 तीर्थयात्री पहुँचे। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट के द्वारा यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाए रखने के लिए घोड़े-खच्चरों एवं डंडी के आवागमन की संख्या व समयावधि तय किए जाने के संबंध में जारी आदेश का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कपाट खुलने के बाद से आज तक 12 दिनों के भीतर यमुनोत्री व गंगोत्री धाम में कुल 290065 श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। प्रशासन के द्वारा यात्रा प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने व यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं जुटाए जाने के फलस्वरूप यात्रा सुव्यवस्थित ढंग से चल रही है। प्रशासन के द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जिले के प्रवेश द्वार के बैरियर्स तथा अन्य स्थानों पर जॉच व पंजीकरण सत्यापन तथा



विपरीत दिशा से आने वाले ट्रैफिक के गुजरने तक के लिए रोके जाने पर पानी की बोतलें, जलपान एवं भोजन उपलब्ध कराने के इंतजाम अभी भी जारी हैं। पर आए तीर्थयात्रियों के बीच देवभूमि में अतिथि देवो भव का संदेश जा रहा है। ट्रैफिक दबाव और भारी भीड़ जुटने पर भी तीर्थयात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस- प्रशासन अलर्ट है। पुलिस- प्रशासन कदम-कदम पर देवदूत की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि तीर्थयात्रियों को यात्रा रूट पर हरसंभव मदद दी जा रही है। तीर्थयात्री भी पुलिस-प्रशासन की मदद की मुक्तकंठ से तारीफ करते दिख रहे हैं। चारधाम यात्रा में इस बार भारी भीड़ उमड़ी है। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में भी क्षमता से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। इससे सड़क और पैदल मार्ग से लेकर धाम तक दबाव बढ़ा तो पुलिस-प्रशासन ने यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं भी मुहैया करवाई हैं। इससे यात्रा सुचारू और सुव्यवस्थित चल रही है।





# ऑफलाइन पंजीकरण बंद होने पर ऋषिकेश से बिना दर्शन किए घर लौटने लगे तीर्थयात्री!

ऋषिकेश। चारधाम की सुगम यात्रा के लिए शासन-प्रशासन की कोशिशें रंग नहीं ला पा रही हैं। तीर्थयात्रा को आए कई श्रद्धालु धामों के दर्शन किए बिना ही घरों को लौटने लगे हैं। प्रशासन ने अस्थायी पंजीकरण व्यवस्था भी शुरू की, लेकिन अब तक करीब चार हजार तीर्थयात्री ऋषिकेश से घर लौट गए। लौटने वाले तीर्थयात्रियों का कहना था कि उत्तराखंड में पहुंचने के बाद भी धामों के दर्शन न कर पाना दुर्भाग्य है। यह उनके जीवन का सबसे बुरा अनुभव है। बता दें कि ये लोग अस्थायी पंजीकरण के लिए रोके गए थे फिर यह व्यवस्था भी बंद कर दी गई। ऑफलाइन पंजीकरण बंद होने पर ऋषिकेश में रोके गए करीब 12 हजार तीर्थयात्रियों को धामों के दर्शन कराने के लिए प्रशासन ने अस्थायी पंजीकरण व्यवस्था की। प्रशासन की योजना थी कि अस्थायी पंजीकरण कर इन यात्रियों को धामों के लिए रवाना किया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो पाया। सोमवार शाम करीब



पांच बजे प्रशासन ने अस्थायी पंजीकरण व्यवस्था भी बंद कर दी। ट्रांजिट कैंप प्रशासन के मुताबिक, 12 हजार के सापेक्ष छह हजार यात्रियों का ही अस्थायी पंजीकरण कराया जा सका। शेष छह हजार में से करीब चार हजार तीर्थयात्री बिना दर्शन लौट गए हैं। करीब ढाई हजार तीर्थयात्री अब भी ट्रांजिट कैंप परिसर व धर्मशालाओं में ठहरे हैं। प्रशासन ने 31 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण बंद रखने का निर्णय लिया है। ट्रांजिट कैंप में रुके यात्रियों में से करीब 800 यात्रियों ने ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होने तक यहीं रुकने का प्रण लिया है। उनका कहना है कि ध्रुव ने अनिश्चित समय के लिए भगवान की प्रतीक्षा की। हम भी ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होने का इंतजार कर लेंगे। प्रशासन का कहना है कि इन यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। ऋषिकेश एआरटीओ कार्यालय में चार अप्रैल से ग्रीन कार्ड बनने शुरू हुए थे। 20 मई तक यहां से 23,063 ग्रीन कार्ड और 16,923 वाहनों के ट्रिप कार्ड बन चुके हैं। इन वाहनों से अब तक ऋषिकेश से 1,52,963 यात्री धामों की यात्रा के लिए गए हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक, 11,520 वाहन रवाना हुए हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर विभाग ने 1,400 वाहनों का चालान व 20 वाहन सीज भी किए हैं।

# उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में हीट वेव का सिलसिला जारी

देहरादून। राजधानी में लगातार चौथे दिन भी दून का अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा। बीती सोमवार को यह सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। इसके चलते हीट वेव ने झुलसाने का काम किया। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से मौसम अपने तल्ख तेवर दिखा रहा है। राजधानी दून समेत मैदानी जिलों में बीते सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया। बीते दिनों दून का अधिकतम तापमान पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 41 डिग्री दर्ज किया गया था। उधर, सोमवार को भी तेज धूप के चलते सुबह से ही हीट वेव का सिलसिला शुरू हुआ। इससे लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, शाम करीब चार बजे बादल छाए तो हीट वेव से थोड़ी राहत मिली। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक मैदानी इलाकों में हीट वेव से राहत मिलने के आसार नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार मैदानी इलाकों में मौसम साफ रहेगा। तेज धूप और सामान्य तापमान में बढ़ोतरी होने से हीट वेव लोगों को परेशान करेगी। 21 मई को दून में अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने के आसार हैं। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों के साथ पर्वतीय इलाकों में भी गर्मी का सितम है। तेज धूप के चलते मैदानी इलाकों के साथ पर्वतीय इलाकों के सामान्य तापमान में भी चार से पांच डिग्री का इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज मंगलवार को हल्की बारिश के आसार बताए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और चम्पावत जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। जबकि, इन जिलों के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

# यात्रा मार्ग बाधित होने पर उसे तत्काल सुचारु किया जाये

## प्रभारी सचिव ने सिरोबगड़ से सोनप्रयाग तक विभिन्न यात्रा पडावों का किया निरीक्षण

रूद्रप्रयाग। सचिव स्वास्थ्य एवं प्रभारी सचिव यात्रा डॉ. आर राजेश कुमार ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम में जो भी श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का उद्देश्य है। सिरोबगड़ से सोनप्रयाग तक विभिन्न यात्रा पडावों का सड़क मार्ग से निरीक्षण करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए कि जो क्षेत्र स्लाइडिंग जोन हैं उनमें जेसीबी मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा यात्रा मार्ग बाधित होने पर उसे तत्काल आवाजाही हेतु सुचारू किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं के निरंतर आने के कारण जगह-जगह स्थानों पर जाम की



स्थिति बनी हुई है इसके लिए उन्होंने केदारनाथ यात्रा पड़ाव सीतापुर, सोनप्रयाग आदि स्थानों में पार्किंग फुल होने पर यातायात को पीछे ही रोका जाए ताकि जाम की स्थिति न होने पाए। उन्होंने अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा को निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों से ओवर रेटिंग न हो इसके लिए सभी दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट व ढाबों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाए एवं खाद्य सामग्री में गुणवत्ता की निरंतर चेकिंग की जाए। प्रभारी सचिव ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी घोड़े-खच्चर के साथ किसी भी प्रकार से कोई पशु-क्रूरता न हो तथा किसी भी दशा में घोड़े-खच्चरों से डबल चक्कर न लगाए जाएं। इस दौरान उन्होंने शौचालय एवं यात्रा मार्ग में नियमित सफाई व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को पेयजल की कोई समस्या न हो इसके लिए संबंधित विभाग गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल विद्युत लाइन के फॉल्ट की मरम्मत कार्य शीघ्रता से करते हुए विद्युत आपूर्ति त्वरित सुचारू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नोडल अधिकारी हेली को निर्देश दिए कि किसी भी यात्री के साथ कोई धोखाधड़ी एवं जालसाजी न हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाए एवं किसी भी दशा में ओवर रेटिंग श्रद्धालुओं से न हो इसकी निरंतर निगरानी रखी जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने विभिन्न विभागों द्वारा यात्रा के लिए की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने सचिव को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित विभागों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अमित शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, उपायुक्त खाद्य गढ़वाल आरएस रावत, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, अभिहीत अधिकारी मनोज कुमार सेमवाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
कुंडली
समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें:
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# एमएमए फाइटर अंगद बिष्ट ने किया उत्तराखंड का नाम रोशन

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने फाईटर अंगद बिष्ट को शुभकामनायें दी है। सोशल मीडिया पर अंगद बिष्ट की तस्वीर साझा करते हुए पूर्व सीएम ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग निवासी, एमएमए फाइटर अंगद बिष्ट ने चीन में विश्व की सबसे खतरनाक फाइट रोड टू यूएफसी एमएमए फाईट में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर जीत दर्ज कर विश्व चैंपियन शिप का टाइटल अपने नाम किया है। उन्होंने अपने कुशल प्रदर्शन से उत्तराखंड का नाम दुनिया में रोशन किया है। अंगद बिष्ट को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं, आप आगे भी यूं ही उत्तराखंड का नाम दुनिया में रोशन करते रहो, आपको मेरा ढेर सारा आशीर्वाद। साथ ही श्री अंगद के माता-पिता, खेल प्रेमियों व उत्तराखंड वासियों को भी ढेर सारी बधाइयां।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# जैव विविधता दिवस पर ढेला में हुए विविध कार्यक्रम

रामनगर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर ढेला में अनेक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।वरिष्ठ नेचर गाइड सुरेश रावत ने नेचर वाक करा बच्चों को जैव विविधता के बारे में बताया।इस मौके पर जैव विविधता के महत्व को दर्शाने वाले कला पोस्टर बनाने के साथ साथ इस विषय पर एक डॉक्यूमेंट्री मुसीबत की।पोटली भी देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर जानकारी देते हुए वरिष्ठ नेचर गाइड सुरेश रावत ने कहा यह दिवस हर साल 22 मई को मनाया जाता है। इस साल की थीम है "योजना का हिस्सा बनें" यह थीम खास तौर से जैविक विविधता के संरक्षण और प्रति व्यक्ति के सामूहिक सहयोग और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों को बतलाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य हमें जैव विविधता के महत्व को समझने, संरक्षण की जरूरत को साझा करने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ाने का है। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा हमें एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना है जो जैव विविधता के समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए हमें अवसर प्रदान कर सके। जैव विविधता की कमी होने से प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सूखा और तूफान आदि आने का खतरा अधिक बढ़ जाता है, इसलिए जैव विविधता का संरक्षण बहुत जरूरी है।आज जरूरत है प्रत्येक दिन को जैव विविधता एवं पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाय। जैव विविधता और धरती और मानवजातिकी रक्षा के लिए हमें तय करना होगा कि कभी भी रसोई का कचरा पॉलिथीन बैग में भरकर न फेंके। बहुत से जंगली और घरेलू जानवर इसे खायेंगे और मर जायेंगे।एकल उपयोग प्लास्टिक को कभी भी स्वीकार न करें। कभी भी कागज, पानी, ऊर्जा, भोजन या किसी अन्य संसाधन को बर्बाद न करें।इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव,मनोज जोशी,नवेंदु मठपाल,संत सिंह,नफीस अहमद, बालकृष्ण चंद,दिनेश निखुरपा,प्रदीप शर्मा,संजीव कुमार मौजूद रहे।



# नाला चौक होने से लोग परेशान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पिछले 8 दिनों से इंदिरा नगर बरसाती नाला चौक हो जाने से लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है जिस कारण इस बरसाती नाले में जो गंदगी है वह लोगों के घरों में जमा हो गई है। लोगों चिंता है कि गर्मी के मौसम में क्षेत्र में बीमारी न फैल जाए। यहां के पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने नगर आयुक्त, स्वास्थ्य निरीक्षक, सफाई नायक सभी से नाले की सफाई करने के लिए गुहार लगा चुके हैं। पर इस नाले की सफाई अभी तक नहीं हो पाई। नगर निगम कह रहा है कि सफाई का ठेका हो चुका है। ठेकेदार से नाले की सफाई कराई जाएगी। जबकि बस्ती के लोगों का कहना है ठेकेदार द्वारा जब तक काम शुरू होगा तब तक यहां के लोग क्या करें। यहां के घरों में नाले की गंदगी, मालवा व कूड़ा लोगों के घरों में घुस रहा है। अधिकारी है कि सुनने को राजी नहीं। पूर्व पार्षद ने बताया कि नगर निगम के लोग नाला साफ नहीं कर रहे हैं यहां पर मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। यहां के लोग स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण दुखी है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही नाले की सफाई ना हुई तो आम जनता को साथ लेकर नगर निगम के अधिकारियों का घेराव करेंगे।



# बाबा सुरजन सिंह बेदी की पुण्यतिथि पर गुरमत समागम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। महान समाज सुधारक एवं समाज को नई दिशा देने वाले धर्म के क्षेत्र में अग्रणी रहे बाबा सुरजन सिंह बेदी की पुण्यतिथि पर ग्राम चकरपुर में महान धार्मिक समागम का आयोजन किया गया । बाबा सुरजन सिंह बेदी ,माता प्रेम कौर, बाबा बलवंत सिंह बेदी, माता राजरानी सहित बाबा अर्जुन सिंह बेदी की पावन स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग एवं अरदास के उपरांत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में पहुंचे रागी भाई गुरविंदर सिंह ने गुरबाणी कीर्तन तथा कथा वाचक भाई राजेंद्र सिंह, अमन सिंह, देवेंद्र सिंघ द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सिद्धांतों पर आधारित गुरबाणी की कथा एवं ऐतिहासिक तथ्यों का वर्णन करते हुए बाबा सुरजन सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बाबा अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी माता सतनाम कौर एवं सुपुत्र वर्तमान डेरा संचालक राजेंद्र सिंह बेदी गोल्डी ने सभी संगत का धन्यवाद किया कार्यक्रम में दूरदराज से आई हुई संगत ने समागम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के उपरांत अरदास में शामिल होकर गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बाबा गुरदीप सिंह बेदी,संजोग सिंह बेदी ,राजेंद्र सिंह बेदी ,दिग्विजय सिंह, रणविजय सिंह, हरदीप सिंह, अमनदीप कौर ,गगनदीप कौर ,कमल कौर, मनदीप कौर, राजेंद्र कोचर ,राजेंद्र पाल सिंह, शैलेंद्र शर्मा, संजीव अरोड़ा, कश्मीर लाल, ब्रीत सिंह, काली ग्रोवर, सुच्चा सिंह,हीरा सिंह कालड़ा, प्रेम कोचर, अजीत भुसरी, राजीव ग्रोवर, राजीव गाबा, बलदेव ढींगरा, संजीव गाबा, सतपाल गाबा, मनोज गुंबर,संजीव अरोड़ा, राकेश भुड्डी, हनी कोचर, कमल कोचर, चिराग कालड़ा,धर्मवीर बजाज, राजीव कोचर, कश्मीर लाल सहित तमाम संगत मौजूद रही।





# जंगल में मिला लापता युवक का क्षत विक्षप्त शव

काशीपुर। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के जंगल में एक युवक का क्षत-विक्षप्त बरामद हुआ। बताया जाता है युवक लगभग 10-12 दिन से घर से लापता हो गया था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मंगलवार दोपहर ग्राम जगतपुर के प्रधान रिंकू ने कुंडेश्वरी पुलिस चौकी को सूचना दी कि जगतपुर के जंगल में एक युवक का क्षत-विक्षप्त शव पड़ा है। चौकी प्रभारी संतोष देवरानी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों ने शव की शिनाख्त गब्बर सिंह (29) पुत्र दलवीर सिंह निवासी ग्राम जगतपुर पट्टी के रूप में की। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया गब्बर लगभग 10-12 दिन से घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। कोतवाली प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के मुताबिक जहां शव बरामद हुआ है, लोगों को गब्बर अक्सर वहीं घूमता दिखता था। वह तीन भाई थे, दो भाइयों की पहले मौत हो चुकी है। बताया गब्बर सिंह खेतीबाड़ी करता था और अविवाहित था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि शव लगभग 10-12 दिन पुराना है और पूरी तरह से सड़-गल चुका था, जिसमें मौत का कारण क्या है इसका पता लगाना मुश्किल था। इसलिए शव को हल्द्वानी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पुण्य तिथि पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

किच्छा(उद संवाददाता)। आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी जी की 33वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने समस्त कांग्रेसजनों के साथ अपने आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर स्व गाँधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।बेहड़ ने कहा कि स्व राजीव गाँधी जी जैसे नेता की दूरदर्शिता के फलस्वरूप ही देश कम्प्यूटर युग में प्रवेश कर सका है । जब कम्प्यूटर के क्षेत्र में अध्ययन एवं अनुसन्धान के प्रयासों को उन्होंने बल देना शुरू किया था, तो लोगों ने इससे बेरोजगारी बढ़ने की बात कहकर उनकी तीव्र आलोचना की थी, किन्तु आज देश की प्रगति में कम्प्यूटर की उपयोगिता एवं भूमिका से यह स्वाभाविक रूप से अन्दाजा लगाया जा सकता है कि स्व. राजीव गाँधी जी अपने समय से कितना आगे चलते हुए पूरी सूझ-बूझ से निर्णय लिया करते थे। श्री बेहड़ ने कहा कि भारत आज सूचना प्रौद्योगिकी की सुपर शक्ति बन चुका है और इसमें कम्प्यूटर की भूमिका अहम् है । स्व. राजीव गाँधी जी के नेतृत्व में देश ने आधुनिकीकरण एवं खुशहाली के नए युग में प्रवेश किया। श्री बेहड़ ने कहा कि राजीव गाँधी सैदेव हमारे दिलो में जिन्दा रहेंगे और देश के प्रति उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सरवर यार खां, ओम प्रकाश दुआ,अशोक चुघ,राम बाबू,मेजर सिंह,सुनील ठाकुर,गुलशन सिन्धी, दलीप सिंह बिष्ट,महेंद्र सिंह, अशोक मित्रा,लियाकत अंसारी,श्रीमती सुनीता कश्यप,केलावती,त्रिपतपाल सिंह,गोपाल नेगी,एन यू खान,शिब्बू सक्सेना,गौरव बेहड़,अक्षय बावा,मोहम्मद आरिफ,नीरज बजाज, नितिन शर्मा,निशाँन सिंह, जाहिद खान,गुरप्रीत सिंह पोल्ला, दीप हंसपाल, केतन कालड़ा,आदि लोग मौजूद थे।



# रंजिशन दुकान में आग लगाने का दुस्साहस करने वाले युवकों का मामला रफा दफा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सब्जी विक्रेता के पुत्र के साथ हाथपाई करने के बाद बाजार में स्थित सब्जी की दुकान में आग लगाकर दुस्साहस करने वाले आरोपियों के विरूद्ध थाने में तहरीर जाने के बाद भी कोई कार्यवाही करने के बजाए मामले का रफा-दफा कर दिया। जिसको लेकर बाजार में खासा चर्चा है। गौरतलब है कि रविवार को वार्ड 3 निवासी संतोष पुत्र नरायण लाल का पुत्र साजन भारती गेस्ट हाऊस के पास दुकान के पैसे लेने गया था। आरोप है कि तभी ग्राम सिद्दा नवदिया के दो युवकों ने अपने साथियों के साथ उसे घेर कर उसके साथ हाथापाई की। साजन किसी तरह उन युवकों के चंगुल से निकल आया। लेकिन उन युवकों ने रंजिश में उसके पिता संतोष की सितारगंज रोड स्थित दुकान में आकर आग लगा दी। दोनों युवक सीसीटीवी फुटेज भी कैद बताएं जा रहें है। आग लगाने का आरोप लगाते हुये सब्जी विक्रेता ने दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुंये कार्यवाही की मांग की थी। पहले हाथापाई फिर दुकान में आकर आग लगाकर दुस्साहस करने वाले युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए पुलिस ने मामले को रफा दफा करना उचित समझा। जिससें आग लगाने वाले आरोपियों के होसले बुंलद होंगे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-245817

# डीएम ने किया रीठा साहिब में प्रसिद्ध जोड़ मेले का शुभारंभ

## तीन दिवसीय मेले में देश विदेश से आते हैं हजारों श्रद्धालु

चंपावत(उद संवाददाता)।'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के उद्घोष के साथ रीठा साहिब का प्रसिद्ध जोड़ मेले का का शुभारंभ हो गया है। जनपद चंपावत की लधिया तथा रतिया नदी के संगम पर स्थित सिक्कों के प्रमुख तीर्थ स्थल में करीब 5 हजार तीर्थयात्रियों ने गुरुद्वारे में मत्था टेका। बता दें चम्पावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने मंगलवार को मेले का शुभारंभ किया। मेला का मंगलवार को पवित्र ग्रंथ साहिब पाठ की लड़ी के बीच आगाज हो गया है। डीएम चंपावत नवनीत पांडे ने मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध रीठा साहिब गुरुद्वारे का शुभारंभ किया। डीएम ने श्रद्धालुओं को मेले में सभी सुविधा देने के साथ-साथ रीठा साहिब के विकास के लिए मास्टर प्लान पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद एसपी अजय गणपति ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। एसपी ने कहा सिख धर्म गुरुओं की सेवा और बलिदान की अद्भुत मिसाल सबके लिए प्रेरणादाई है। वहीं गुरुद्वारे में आए संतों ने अमृतवाणी के अलावा रीठा साहिब गुरुद्वारा का इतिहास बताया। बता दें पहले दिन 5000 से अधिक तीर्थ यात्री मेले में पहुंचे। अलग-अलग राज्यों के साथ-साथ उत्तराखंड के नानकमत्ता, रुद्रपुर, हल्द्वानी, की जोड़ मेले में देश-विदेश के हजारों सिख श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। जहां उन्हें प्रसाद के तौर पर मीठा रीठा दिया जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्री रीठा साहिब दरबार में मत्था टेक कहा की गुरू नानकदेव जी की पवित्र शिक्षाएँ सभी मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह समाज को एकजुट करने का काम करती हैं। भाईचारे और सद्भाव की भावना के समाज एवं संस्कृति को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान की। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने लोहाघाट से रीठा तक विभिन्न क्षेत्र जहां- जहा श्रद्धालुओं हेतु भक्तजनों के द्वारा लंगर लगाए जाते हैं उन स्थानों





खटीमा, सितारगंज, काशीपुर से संगत मेले में पहुंची थी। तीर्थयात्रियों ने रतिया और लधीया नदी के संगम पर पवित्र स्नान कर गुरु के दरबार में मत्था टेका। इसी के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की लड़ी भी शुरू हुई। मालूम हो जनपद की खुशहाली की कामाना की। जिलाधिकारी ने रीठा साहिब में आयोजित जोड़ मेले की सभी को लख-लख बधाइयां देते हुए कहा कि यह मेला सभी के जीवन में नव सृजन व उमंग लेकर आए। साथ ही उन्होंने साथ-साथ गुरु महाराज की पवित्र शिक्षाएँ हम सभी को जीवन को सकारात्मक रूप से जीने की प्रेरणा भी देती हैं। नानक जी ने प्रत्येक व्यक्ति को स्वाभिमान पर आधारित जीवन जीने के प्रति जागरूक किया तथा भारतीय का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। लंगर में जल संस्थान द्वारा पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की गई है। मेले के उद्घाटन के पश्चात् जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्रांतर्गत निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग को अस्थाई लकड़ी के पुल को ठीक करने के निर्देश दिए साथ ही सीएनडीएस को अस्थाई वाहन पार्किंग स्थल का विस्तार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला पंचायत को मेला क्षेत्र अंतर्गत नियमित साफ सफाई रखने की निर्देश दिए। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक श्री रीठा साहिब बाबा श्याम सिंह ने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय जोड़ मेले में पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। जिसके लिए उन्होंने प्रशासन और पुलिस का धन्यवाद किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, खंड विकास अधिकारी पाटी सुभाष लोहनी, तहसीलदार बी एस कठायत, थाना अध्यक्ष रीठा प्रताप सिंह नेगी,टी एस आई ज्योति प्रकाश, दिल्ली से आए कारसेवा प्रमुख बाबा बचन सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह, नानकमत्ता से बाबा रविन्द्र सिंह, रीठा साहिब से श्याम सिंह,मुख्य ग्रंथी अजीत पाल सिंह, अजीत सिंह, मलकीत सिंह सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला सिंह विभिन्न विभागों के अधिकारी श्रद्धालु व अन्य उपस्थित रहे।

# कॉर्बेट पार्क क्षेत्र में प्रेशर हॉर्न बनाने पर होगी कार्यवाही

रामनगर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से लगते नेशनल हाईवे 309 रानीखेत मोटरमार्ग पर अब वाहन स्वामियों ने प्रेशर हॉर्न बजाया तो कार्रवाई होगी। कॉर्बेट पार्क के समीपवर्ती 500 मीटर क्षेत्र साइलेंट जोन घोषित है, जिसमें 50 डेसीबल से ज्यादा की आवाज करने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है। ईस्ट कॉर्बेट पार्क के पास पड़ने वाले रानीखेत 309 नेशनल हाईवे मोटर मार्ग पर अब वाहन स्वामियों ने अगर प्रेशर हॉर्न या 50 डेसीबल से ज्यादा की आवाज में हॉर्न बजाया तो उन पर कॉर्बेट प्रशासन कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। इस विषय में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि कॉर्बेट पार्क से लगते ढिकुली क्षेत्र के ग्राम पंचायत द्वारा शिकायत की गई है कि जो पहाड़ों को बस या बड़े वाहन चलते है वह प्रेशर हॉर्न का उपयोग कर रहे हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है,उन्होंने कहाँ क्योंकि यह क्षेत्र साइलेंट किया है कि अगर कॉर्बेट पार्क के क्षेत्र से लगते नेशनल हाईवे 309 रानीखेत मोटर मार्ग पर कोई भी प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करता है तो रेवेन्यू डिपार्टमेंट



जोन घोषित है और इस क्षेत्र में 50 डेसिबल से ज्यादा तेज आवाज में गाना बजाना,या हॉर्न नही बजा सकते। उपनिदेशक ने कहा कि हमने इस संबंध में एक पत्र रामनगर उप जिला अधिकारी राहुल शाह को भी प्रेषित या पुलिस भी उस पर कार्रवाई करें,उन्होंने कहा साथ ही वन विभाग के रेंज अधिकारी भी इस पर कार्रवाई करेंगे, अगर कोई भी प्रेशर हार्न का इस्तेमाल करते हुए पाया गया तो उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोपाल जिला उपाध्यक्ष एवं गिरिजा नंदन सचिव बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी को जिला उपाध्यक्ष और टैंट व्यापार एसोसिएशन के संरक्षक गिरिजा नंदन भट्ट को जिला सचिव मनोनीत किया।उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर,प्रदेश मंत्री शांति जीना, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा,प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा,,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा,पंकज कंसल, नदीम खान,जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी,जिला




उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी,प्रमोद भट्ट,युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, युवा जिला महामंत्री शिव कपूर,जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण पटवाल, भीमताल नगर अध्यक्ष सौरभ रौतेला,मल्लीताल नैनीताल नगर अध्यक्ष नेगी ,तल्लीताल नैनीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ,महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल,जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा ,काठगोदाम नगर अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी,देवल्चोड अध्यक्ष पंकज प्रफुल्ल पांडे सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की ।

# पार्षद के लिए सर्वेश ने ठोकी दावेदारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 10 ठाकुर नगर से भाजपा के टिकट के लिए सर्वेश रस्तौगी ने उत्तरी मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के समक्ष अपनी दावेदारी पेश



की। टिकट के लिए आवेदन करते हुए सर्वेश रस्तौगी ने कहा कि वह पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं। उनका पूरा परिवार भाजपा से जुड़ा है खुद वह बचपन से ही आरएसएस से जुड़े रहे हैं। उन्होंने राजा कालोनी में एक हजार से अधिक लोगों के पहचान पत्र और पांच सौ से अधिक लोगों के राशन कार्ड बनाने के साथ ही सौ से अधिक लोगों के विद्युत कनेक्शन भी लगवाये हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में भी उन्होंने दावेदारी की थी तब उन्हें तत्कालीन प्रदेश महामंत्री स्व. राजकुमारी गिरी ने अगली बार टिकट देने के लिए आश्वासन दिया था जिस पर उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली।

# कृष्णा इंटर कालेज में बाल संस्कार शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कॉलोनी स्थित कृष्णा इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा, रुद्रपुर की ओर से पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व रीजनल सचिव रेखा अरोरा शाखा की महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा वरिष्ठ सदस्या स्नेहसंजय राधू, मीनू मिगलानी ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन किया। तत्पश्चात वंदे मातरम व शिविर गीत देश हमें देता है सब कुछ से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शिविर में खुशबू अग्रवाल व मेघा सिंघल द्वारा बच्चों को सिखाई गई रामायण की चौपाइयों व भावार्थ की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में किशन प्रथम, आयुष द्वितीय व अंकित ने तृतीय स्थान




प्राप्त किया। कराटे कोच विशाल शर्मा द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। मुख्य अतिथि रेखा अरोरा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए अच्छा नागरिक बनने, मोबाइल से दूर रहने, घर से बाहर मैदानी खेलों में भाग लेने व अपना बचपन भरपूर जीने का मन्त्र दिया। विद्यालय प्रबन्धक ललित मोहन कौशिक को शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया व सहयोग हेतु उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अंजू ग्रोवर ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।बच्चों व विद्यालय स्टाफ के लिए शाखा की ओर से सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिया कोरी, उषा राय, राजकुमार, शाखा सदस्या संजना अरोरा, अंजू सिंह, कविता कौशिक, आस्था तनेजा, अंकिता जैन परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय राधू, प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक विरेन्द्र कुमार सुखीजा, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

# रात के अंधेरे में चल रहा मिट्टी का अवैध खनन

## बिना अनुमति के चल रहे डंपर के खिलाफ नहीं हो रही कोई कार्रवाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग की मिली भगत के चलते रात होते ही मिट्टी खनन माफियो द्वारा अवैध मिट्टी खनन का कार्य डंपरो व ट्रालियों से खुलेआम किया जा रहा है। सितारगंज तहसील के दर्जन भर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध मिट्टी खनन का कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा हैं। जिससे लाखों रुपए के राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा है।रात भर डंपर व ट्रालियों को मिट्टी से भरकर हाईवे पर इधर उधर शहरी क्षेत्रों में घूमती देखी जा सकती है। थाना नानकमत्ता क्षेत्र से लगे गांव सिसई खेड़ा,डोहरा,ध्यानपुर, इटोआ, सुनखरी, नोगजा, खमरिया, खमरिया आदि दर्जनों गावों में भी अवैध मिट्टी खनन का कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा है। जिससे सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि को भी बंजर बनाया जा चुका है। राजस्व विभाग को आने खजाने के लाखों रुपए डकारे जा रहे है। अब सवाल यह है कि प्रशासन द्वारा बिना कोई अनुमति के खनन माफिया किसके संरक्षण में देर रात तक डंपर चला कर मिट्टी खनन का कार्य कर रहे हैं, अभी तक खंड माफिया के विरुद्ध थाना व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई न किए जाने से खनन माफिया के हौसले बुलंद है, ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर डंपर चलने से ग्रामीणों में भी खासा आक्रोश है, ग्रामीण बताते हैं कि रात भर डंपर चलने से सड़कों पर खासा दबाव पड़ रहा है, जिससे सड़कें भी दम तोड़ रही है, प्रशासन को खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई न करना भी आशंका पैदा करता है।

### नगला मार्ग रात में चल रहे एक दर्जन से अधिक डंपर

नानकमत्ता। थाने से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर सुनखरी नगला रोड पर गांव में एक दर्जन से भी अधिक डंपर बेधड़क चलते रहे। मंगलवार की रात गांव में अवैध खनन को लेकर गांव के लोगों भी परेशान रहे, ग्रामीणों ने बताया कि रात 10 बजे के बाद एक दर्जन से अधिक डंपरों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। रात के अंधेरे में मिट्टी के डंपर चलने की आवाज से गांव के लोग भी परेशान रहे, लेकिन पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की अवैध डंपर को रोकने की जहमत नहीं उठाई।



# श्री तुलसी धाम में कई लोग हुए सम्मानित





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तुलसी धाम सेवा समिति की समीक्षा बैठक में नई कार्यकारिणी स्वागत करने के साथ ही 70वें श्री तुलसी महायज्ञ में विशेष सहयोग के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा रखा गया। इसके पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को गुरू महाराज जी ने आशीर्वाद देकर स्थगित किया और नई कार्यकारिणी को जिम्मेवारी सौंपी गयी। सभी ने नई कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत किया । बैठक में ब्रदी केदार सेवा मण्डल के अध्यक्ष अशोक गुम्बर ने तुलसी धाम के लिए कुछ भूमि दान देने की घोषणा की। जिसका सभी ने स्वागत किया। इसके पश्चात तुलसी महायज्ञ में पिछले कई वर्षों से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे श्री राम आई केयर सेंटर के एमडी डा. अशोक गर्ग एवं उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बैठक में पहुंचे रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, नारायण अस्पताल के एमडी डा.प्रदीप अदलखा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, देवभूमि व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, भाजपा नेता मानस जायसवाल, समाजसेवी सुभाष नारंग, नरेन्द्र खुग्गर, अशोक गुम्बर आदि को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन समिति के अध्यक्ष राजकुमार खनिजो, सुरेन्द्र चावला ने किया। इस मौके पर राज गगनेजा, हरबंस गुम्बर, बिट्टू हुड़िया, वेद प्रकाश खुराना, अशोक बांगा, अशोक सुधा, विनोद नरूला, अशोक बांगा, अशोक सुधा, विनोद नरूला, रवि चावला, जगदीश शर्मा, बैजनाथ छाबड़ा, राजकुमार बांगा सहित श्री तुलसी धाम सेवा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# रुद्रपुर में स्थापित होंगे 29 नये नलकूप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड शहरी निकाय विकास अभिकरण (यूयूएसडीए) द्वारा यूरोपीय इनवेस्टमेंट बैंक से वित्त पोषित रूद्रपुर, काशीपुर व सितारगंज के नगर निकायों की वर्ष 2057 की जनसंख्या को आधार मानते हुए पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना डीपीआर बनाई जा रही है। जिसका प्रस्तुतिकरण मंगलवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला सभागार में परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना के अन्तर्गत पेयजल हेतु नगर निकाय का कोई क्षेत्र पेयजल सप्लाई से कतई छूटना नहीं चाहिए, इसलिए संबंधित नगर निकायों व जल संस्थान से पेयजल संयोजनों व वर्तमान पेयजल सप्लाई की स्थिति का डाटा लेकर समाहित किया जाए ताकि योजना में डुप्लीकेसी न हो, न ही कोई क्षेत्र पेयजल से छूटने पाए। उन्होंने कहा कि संबंधित निकायों, जल



संस्थान व अन्य विभागों से जो भी एनओसी चाहिए उसे तत्काल लिया जाये, इस हेतु उपजिलाधिकारी, एमएनए, ईओ, जल संस्थान के साथ समन्वय बैठक की जाए, ताकि सभी से शीघ्र एनओसी प्राप्त की जा सके। योजना के अन्तर्गत नगर निगम रूद्रपुर में 29 नए नलकूप व 11 ओवर हैड टैंकों के साथ ही 542 किमी. पेयजल वितरण प्रणाली हेतु पाइपलाईन बिछाई जाएगी, जिसकी डीपीआर दो फेज में बनाई गई है प्रथम फेज डीपीआर 289.93 करोड़ व द्वितीय फेज की डीपीआर 238.13 करोड़ प्रस्तावित है, योजना में 33116 पेयजल संयोजन देने का लक्ष्य है। इसीप्रकार काशीपुर नगर की पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने हेतु 27 नए नलकूप व 10 नए ओवर हैड टैंक व 458 किमी. पेयजल लाइन नेटवर्क प्रस्तावित है जिसमें प्रथम फेज में 287 करोड़ व द्वितीय फेज में 194.88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। जबकि नगर निकाय सितारगंज की पेयजल योजना को और सुदृढ़ करने हेतु 9 नए नलकूप व 4 ओवर हैड टैंक के साथ ही 135 किमी. पेयजल वितरण प्रणाली की 119.88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। जिसमें 8529 परिवारों को पेयजल संयोजन से जोडना प्रस्तावित है। जिला अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य प्रदेश के निकायों में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सभी को सुचारू, निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यदायी संस्था त्रुटिरहित डाटाबेस तैयार करते हुए योजना बनाएं, ताकि वर्ष 2057 तक सभी को सुचारू पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त शिप्रा पांडे, उपायुक्त नगर निगम काशीपुर रोहिताश शर्मा, परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, युद्धवीर सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान रूद्रपुर ज्योति पालनी, खटीमा अजय कुमार, सहायक अभियंता एल एम पांडे, जितेन्द्र त्यागी, के.सी. बुघानी आदि मौजूद थे

# लाखों की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी एवं बनभूलपुरा थाना की संयुक्त टीम ने एक नशा तस्कर को लाखों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी एवम एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक नशा तस्कर को 32.36 ग्राम स्मैक के साथ रेलवे स्टेशन से गफूर बस्ती को जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शोएब सिद्दीकी पुत्र आफताब सिद्दीकी निवासी वार्ड 24 गफूर बस्ती, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 32.36 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि नशा तस्कर शोएब पूर्व में भी स्मैक तस्करी मे जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी उनि संजीत राठोड़, उनि विरेन्द्र चन्द, कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा, दिलशाद अहमद, ललित कुमार, चन्दन नेगी शामिल थे।



# चोरी की बाईक सहित दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक आटो लिफ्टर को चोरी की एक मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 20 मई को सौरभ आर्या पुत्र रंजीत राम हाल निवासी पनियाली थाना मुखानी ने रपट दर्ज कराई थी कि जनपद नैनीताल कमलुवा गांजा चौराहा से उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 04 एडी 6783 अज्ञात वाहन चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उनि मनोज सिंह अधिकारी को सौंपी। मामले का खुलासा करने को पंकज जोशी थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी आदि की मदद से दो संदिग्ध व्यक्तियों को



कमलवागांजा बृजवाजी स्कूल के आगे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराई गई मोटर साईकिल वाहन संख्या यूके 04 एडी 6783 को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता रोहित शाह पुत्र विजय कुमार शाह निवासी ब्लॉक थाने के सामने मुखानी व अभिनव कुमार पुत्र नारायण सिंह निवासी बाराही विहार निकट गुरूकुल स्कूल कमलुवांगाजा गौड़ बताया। पुलिस टीम में उनि मनोज सिंह अधिकारी, हेका उमेश जोशी व का. पूरन सिंह शामिल थे।

# रिपोर्ट वापस न लेने पर भाई पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संपत्ति व वाहन हड़प लेने की दर्ज रपट वापस न लेने पर एक व्यक्ति द्वारा परिजनों के साथ मिलकर अपने ही भाई पर जानलेवा हमला कर दिया गया। ग्राम आर्जुनपुर रायपुर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र स्व. मक्खन सिंह का कहना है कि उसकी ट्रान्सपोर्ट कम्पनी तथा एक कैन्टर को उसके भाई व अन्य ने अवैध तरीके से हड़पकर लिया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एफआईआर को वापिस लेने का भाई दबाव बना रहा था तथा उससे और उसकी माता से मारपीट कर रहा था। जिस कारण उसने घर के आंगन व बरामदे में सीसी कैमरे लगवा दिये थे। उसका आरोप है कि 20 मई की रात्रि करीब 10 बजे वह अपने कमरे में सो रहा था। तभी उसका भाई परिजनों



के साथ जबरन अन्दर घुस आये और उसे लाठी डन्डों से बुरी तरह मारपीट करने लगा। बीच बचाव किया तो माताजी को भी मारा पीटा। घर के आगन में लगे सीसी कैमरे व घर का अन्य सामान तोड दिया तथा पर्स में रखे 27 हजार रूपए नगद और जरूरी सारे कागजात भी ले गये। घटना सूचना 112 डायल कर पुलिस को दी लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही हमलावर भाग गये।

# पुण्य तिथि पर राजीव गांधी का किया स्मरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेसियों ने स्वराज आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। आधुनिक भारत के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वराज आश्रम में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में स्व. राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। मतदान की आयु 18 वर्ष कर देश के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य राजीव गांधी की दूरदर्शिता का प्रतीक है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा स्व. राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही पंचायती राज की व्यवस्था लागू हुई और देश के पंचायत को अधिक अधिकार प्रदान कर उन्हें मजबूत करने का काम किया गया जिससे गांव-गांव तक विकास पहुंचा ।जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी भारत में तकनीकी शिक्षा के हिमायती थे और वह चाहते थे की हिंदुस्तान का युवा तकनीक से जुड़कर देश की समृद्धि में अपना योगदान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पीसीसी सतीश नैनवाल, हेमंत बगड़वाल, मलय बिष्ट, एनबी गुणवंत, मधु सांगूड़ी, संजय किरौला, शोभा बिष्ट, योगेश जोशी, नरेश अग्रवाल, विमला सांगूड़ी, भागीरथी बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, कमला तिवारी, पुष्पा नेगी, मोहम्मद नबी, सौरभ भट्ट, मनोज बिष्ट, तस्कीन अहमद, अमित रावत, धर्मवीर, संजू उप्रेती, किरन माहरा, नफीस चौधरी, प्रदीप बिष्ट, गणेश आर्य, महेश कांडपाल, कमल जोशी, दीपू सजवाण, ताहिर अली, शाइस्ता आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया फल वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कंप्यूटर क्रांति के जनक राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी । वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व



में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फलों का वितरण करते हुए मरीजों एवं उनके तीमारदारों के स्वस्थ् जीवन की कामना की । इस मौके पर डॉक्टर अंजनी कुमार, डॉ.अंजू, शैलेंद्र शर्मा, संजीव अरोड़ा ,आनंद अग्रवाल, सर्वजीत संधू, इंद्रजीत विर्क, अमरजीत संधू, प्रीत सिंह, सागर अरोड़ा ,सौरभ बजाज, शिवम पपनेजा,रघु रावत,मुकेश चावला, गौरव बत्राआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### मतदाताओं का उत्साह

इस बार के आम चुनाव में जब बहुत सारी जगहों पर मतदान में उत्साह की कमी देखी जा रही है मगर कश्मीर घाटी से इसमें बढ़ोतरी के आंकड़े वहां के लोगों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत देते हैं। बारामूला में अट्ठावन फीसद से ऊपर मतदान हुआ। सोपोर में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार फीसद बढ़ कर इस बार चौवालीस फीसद मतदान दर्ज हुआ। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं, जब कश्मीर के कई हिस्सों में माहौल अनुकूल नहीं है। मतदान से एक दिन पहले आतंकवादियों ने शोपियां में एक स्थानीय नेता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पहलगाम में भी एक पर्यटक दंपति को निशाना बनाया गया था। आतंकी संगठन लगातार स्थानीय लोगों पर मुख्यधारा की व्यवस्था में हिस्सेदारी से दूर रहने का दबाव बनाते रहे हैं। थोड़े-थोड़े समय पर हो जाते आतंकवादी हमलों से यही लगता था कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है और वे उन्हें पनाह देते हैं। फिर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह घाटी में लगातार असंतोष नजर आ रहा था, उससे यही आशंका बनी हुई थी कि वहां के लोग चुनावों में उत्साह नहीं दिखाएंगे। शायद यही भय था कि निर्वाचन आयोग ने भी वहां लोकसभा के चुनाव कराने की घोषणा तो कर दी, पर विधानसभा चुनावों को टालना बेहतर समझा। मगर लोकसभा चुनाव में जिस तरह वहां लोग मतदान के लिए घरों से निकले, उससे साफ हो गया है कि उन्होंने दहशतगर्दों के दबाव की परवाह न करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। लोग मुख्यधारा व्यवस्था से जुड़ना चाहते हैं। इससे स्वाभाविक ही घाटी और राष्ट्रीय स्तर के सियासी दलों और निर्वाचन आयोग का भी उत्साह बढ़ेगा। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर के आम लोग दरअसल अमन चाहते हैं। दहशतगर्दी से उनकी जिंदगी में दुश्वारियों के सिवा और कुछ नहीं आता। आतंकियों और सुरक्षाबलों के टकराव में अक्सर उन्हें अपने रोजी-रोजगार से दूर रहना पड़ता है। सुरक्षा तलाशी और प्रशासनिक सख्ती के चलते हर समय उन्हें एक तरह के खौफ में जिंदगी बसर करनी पड़ती है। इसलिए आम लोग यही चाहते हैं कि खौफ का माहौल खत्म हो, अमन की सूरत बने। चुनाव होंगे, तभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी, उनकी बेहतरी के फैसले किए जा सकेंगे, यह बात वे अच्छी तरह जानते हैं। सिर्फ कुछ अलगाववादी ताकतें और सियासी लोग मसलों को उलझाए रखना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों के लिए परिसीमन पूरा हुए काफी समय बीत चुका है। तमाम राजनीतिक दल वहां लंबे समय से स्थगित लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली की मांग उठाते रहे हैं। अब तो घाटी के ज्यादातर हिस्से तनावमुक्त नजर आते हैं। बारामूला, शोपियां, अनंतनाग, सोपोर जैसे कुछ इलाकों में जरूर रह-रह कर आतंकी गतिविधियां सिर उठा लेती हैं, पर उनमें भी चुनाव को लेकर लोगों के उत्साह से यही जाहिर हुआ है कि आतंकी मंसूबे पस्त पड़ चुके हैं। लोकतंत्र के प्रति लोगों के इस विश्वास और भरोसे को और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा, जब वहां जल्द से जल्द विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएं। इससे पहले स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, तब भी लोगों ने उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। हालांकि निर्वाचन आयोग ने भरोसा दिलाया है कि लोकसभा चुनावों के ठीक बाद इसकी प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

# केदारनाथ धाम में पिछले नौ वर्ष से चल रहे पुनर्निर्माण कार्य, हर साल बन रहे नए रिकॉर्ड

## बदरीनाथ यात्रा निर्बाध रूप से जारी, व्यवसायियों के चेहरे खिले

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा में प्रतिवर्ष नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। साथ ही कारोबार के लिहाज से भी यात्रा ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर रही है। इस वर्ष 10 मई से शुरू हो रही यात्रा के दस दिनों में ही रिकॉर्ड 2.81 लाख श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। इनमें से 1.26 लाख श्रद्धालु बीते चार दिनों में ही धाम पहुंचे हैं। पंच केदार में प्रमुख व भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम में बीते नौ वर्ष से पुनर्निर्माण कार्य चल रहे हैं। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धाम पहुंचे और पुनर्निर्माण कार्य को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए इसे तीन चरण में पूरा करने के लिए पांच बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया था। पहले चरण के कार्य धाम में पूरे हो चुके हैं, जिसमें मंदिर परिसर व मंदिर मार्ग के विस्तारीकरण के साथ ही आदिगुरु शंकराचार्य की समाधिस्थल



का पुनर्निर्माण किया गया। जबकि दूसरे चरण के कार्य अभी चल रहे हैं। पुनर्निर्माण कार्यों की पीएम मोदी स्वयं कई बार मॉनीटरिंग कर चुके हैं। साथ ही वर्ष 2017 से 2022 तक वह 6 बार केदारनाथ भी पहुंच चुके हैं। पुनर्निर्माण कार्यों के बीच बाबा केदार की यात्रा प्रतिवर्ष रफ्तार भी पकड़ रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 में केदारनाथ में दर्शनार्थियों का आंकड़ा 4.71 लाख था। वहीं, 2018 में 9 लाख से अधिक और 2019 में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे थे। वर्ष 2020 व 2021 में कोरोनाकाल के बीच आखिरी महीनों में यात्रा ने नई उपलब्धियां हासिल कीं। जबकि 2022 में 15.63 लाख और 2023 में केदारनाथ में रिकॉर्ड 19 लाख से अधिक शिव भक्तों ने दर्शन किए। रुद्रप्रयाग के कालिका प्रसाद सेमवाल बताते हैं कि बीते 40 वर्ष से प्रतिवर्ष केदारनाथ के दर्शन करते आ रहे हैं। धाम में सुविधाएं विकसित होने के साथ ही यात्रा को भी रफ्तार मिल रही है। केदारनाथ नगर पंचायत के अध्यक्ष वेद प्रकाश सेमवाल और व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष महेश बगवाड़ी का कहना है कि केदारनाथ यात्रा प्रतिवर्ष नए आयाम स्थापित कर रही है। साथ ही कारोबार की दृष्टि से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। वहीं बदरीनाथ धाम की यात्रा को सुगम एवं व्यवस्थित तरीके से संचालन को लेकर पूरा प्रशासन रात दिन जुटा है। तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा पड़ावों पर बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है। 20 मई तक 1,39,656 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, बदरीनाथ यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। पिछले पांच दिनों से धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से चारधाम यात्रा मार्ग एवं बदरीनाथ में स्थित होटल व्यवसायी एवं अन्य कारोबारियों के चेहरे खिल उठे है। तीर्थयात्रियों की चहल पहल से पूरे यात्रा मार्ग पर रौनक बनी हुई है। उत्तराखण्ड के जनपद चमोली में ही पंच बद्री धाम स्थित है। तीर्थयात्री बदरीनाथ के साथ चमोली जिले में ही स्थित नारायण के अन्य चार बदरी धामों के भी दर्शन कर सकते हैं। इनमें आदि बदरी, वृद्ध बदरी, योग-ध्यान बदरी एवं भविष्य बदरी शामिल हैं।



# चारधाम यात्रा हमारी आस्था और आर्थिकी से जुड़ी पहचान

## डीजीपी ने सुचारू यातायात और सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के निर्देश
## गर्मियों की छुटियों में यात्रियों की संख्या एवं यातायात का दबाव बढ़ने की आशंका





चमोली(उद संवाददाता)। सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने डीजीपी अभिनव कुमार बदरीनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने धाम में यात्रा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। बता दें सोमवार शाम डीजीपी अभिनव कुमार बदरीनाथ धाम का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ धाम मन्दिर परिसर के आस-पास के स्थानों की सुरक्षा एवं मन्दिर के बाहर एवं अन्दर की सुरक्षा व्यवस्थाओं और भीड़ नियंत्रणके लिए बनाये गये पुलिस प्रबन्धन का जायजा लिया। डीजीपी ने धाम पहुंचे श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। डीजीपी अभिनव कुमार ने ड्यूटी कर रहे जवानों की हौसला अफजाई करते हुए निर्देशित किया गया कि चार धाम यात्रा पर आने वाले हर एक श्रद्धालु हमारे अतिथि के समान है। हमें अतिथि देवो भव: की भावना के साथ यात्रियों की सुरक्षा एवं सहयोग करते हुए, सुव्यवस्थित तरीके से बद्री विशाल के दर्शन करवाने हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। डीजीपी अभिनव कुमार ने बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार श्रद्धालुओं के लिए मन्दिर समिति के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर सुगमता से दर्शन कराने के लिए निर्देशित किया गया। डीजीपी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उत्तराखंड पुलिस आपकी यात्रा को सरल, सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए लगातार तत्पर है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड श्री अभिनव कुमार ने सोमवार को चारधाम यात्रा के सुगम संचालन के दृष्टिगत जोशीमठ में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चारधाम यात्रा हमारी आस्था, पहचान और आर्थिकी से जुड़ी है, लिहाजा हम सबका सर्वप्रथम यही प्रयास रहना चाहिए कि यात्री यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं और चारधाम यात्रा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव भी न पड़े। आगामी दिनों में कई राज्यों में स्कूलों में छुट्टियां होने के चलते मैदानी क्षेत्रों से लोग तीर्थ स्थलों व पर्यटक स्थलों की ओर रूख करते है। अत: आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या एवं यातायात का दबाव बढ़ने की पूर्ण सम्भावना है। जिसके दृष्टिगत सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने हेतु निर्देशित किया गया। चारधाम यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सबसे महत्वपूर्ण है। इनकी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ही चारधाम यात्रा को सुचारु रुप से सम्पादित किए जाने हेतु बेहतरीन कार्ययोजना तैयार की जाए। यातायात का दबाव बढ़ने पर यात्रियों को चिन्हित किये गये निर्धारित स्थानों पर रोके जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ऐसे स्थान मुख्य कस्बों के पास हों। जहां श्रद्धालुओं को खाने, पीने, रहने एवं आवश्यक वस्तुओं की सुविधा उपलब्ध हो सके।। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चमोली अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग प्रमोद शाह, निरीक्षक अभिसूचना इकाई सचिन चौहान, निरीक्षक रेडियो जितेन्द्र भण्डारी, प्रभारी निरीक्षक जोशीमठ राकेश भट्ट, निरीक्षक एसडी आरएफ हरक सिंह राणा मौजूद रहे।

# गर्भगृह से दर्शन की व्यवस्था हुई शुरू

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ में गर्भगृह से दर्शन शुरू हो गए हैं। आज मंगलवार सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जा रहे हैं। बीकेटीसी के कार्याधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि तीर्थपुरोहितों के धरना-प्रदर्शन के बाद मंगलवार से गर्भगृह से दर्शन शुरू कर दिए गए हैं। केदारनाथ में गर्भगृह से दर्शन कराने की मांग को लेकर केदार सभा ने केदारनाथ में नारेबाजी के साथ चार घंटे तक प्रदर्शन किया था। कहना था कि श्रीबद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति धाम में अपनी मनमानी चला रही है। हेलिकॉप्टर से धाम आने वाले खास लोगों को वरीयता दी जा रही है। जबकि आम श्रद्धालुओं को सभामंडप से दर्शन कराए जा रहे हैं, जो उचित नहीं है। कहा कि, मंगलवार से अगर गर्भगृह से दर्शन व्यवस्था शुरू नहीं कि गई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जरूरी हुआ तो केदारपुरी बंद पर भी विचार किया जाएगा। जबकि केदारनाथ में गर्भगृह से ही दर्शन का महत्व है। कहा कि मंदिर समिति अपने चहेतों और हेलिकॉप्टर से पहुंच रहे यात्रियों को पर्ची से दर्शन करवा रही है। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, पंकज शुक्ला, रमाकांत शर्मा आदि का कहना था कि यात्रा को सिर्फ अभी 11 ही दिन हुए हैं। लेकिन बीकेटीसी यात्रियों की अधिक संख्या बताकर भक्तों को सभामंडप से दर्शन करा रही है। ऐसे में दूर प्रांतों से आए श्रद्धालु निराश लौट रहे हैं। केदार सभा ने कहा कि मंदिर समिति की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बढ़ती मांग के सापेक्ष की जा रही विद्युत आपूर्ति

देहरादून। प्रदेश में बिजली की मांग 5.6 करोड़ यूनिट से ऊपर कायम है। इस बीच यूपीसीएल का दावा है कि मांग के सापेक्ष आपूर्ति पूरी करने के लिए वह रोजाना 60 से 70 लाख यूनिट बाजार से खरीद रहे हैं। अगर कहीं कुछ देर के लिए बिजली जा रही है तो उसके पीछे कोई स्थानीय फॉल्ट ही हो सकता है। प्रदेश में पिछले तीन दिन से लगातार बिजली की मांग अपने उच्च स्तर 5.6 करोड़ यूनिट के करीब चल रही है। इस मांग के सापेक्ष यूपीसीएल के पास करीब पांच करोड़ यूनिट उपलब्ध है। बाकी बिजली बाजार से खरीदकर उपलब्ध कराई जा रही है। इस मांग के सापेक्ष यूपीसीएल अभी 24 घंटे आपूर्ति का दावा कर रहा है। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि इतनी मांग के बावजूद कहीं भी अभी तक कटौती नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि अगर कहीं बिजली हो रही है तो वह किसी स्थानीय कारण से जा रही है। इसमें लाइन शिफ्टिंग से लेकर अत्यधिक लोड भी शामिल हो सकता है। राज्य को दो जल विद्युत परियोजनाओं से बिजली नहीं मिलेगी। चीला पावर हाउस इसी सप्ताह बंद होने जा रहा है, जिससे करीब 100 मेगावाट बिजली मिलती है। वहीं टीएचडीसी भी एक जून से बंद होने जा रहा है, जिससे करीब 128 मेगावाट बिजली मिलती है। चीला करीब 15 दिन बंद रहेगा जबकि टीएचडीसी ने 45 दिन का शटडाउन मांगा है जो कि 30 दिन में पूरा होने का अनुमान है। मांग के इस सीजन में यूपीसीएल के लिए इससे और चुनौती बढ़नी तय है।

# राज्यपाल ने किया पशु प्रजनन प्रक्षेत्र कालसी का भ्रमण

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को उत्तराखण्ड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड के द्वारा संचालित पशु प्रजनन प्रक्षेत्र कालसी का भ्रमण किया। यह केन्द्र भारत सरकार के द्वारा देशी गोवंश जैसे रेड सिन्धी, साहिवाल, गिर एवं थारपारकर के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन इंडीजीनस ब्रीड के रूप में चिन्हित किया गया है। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड तकनीकी के क्षेत्र में उच्च स्तर का है जो ओवम पिकअप, आईवीएफ, जेनेटिक इंजीनियरिंग एवं जिनॉम इंजीनियरिंग के अंतर्गत बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रक्षेत्र में जिस प्रकार की तकनीकी विकसित की गई है उससे हम पूरे राष्ट्र के अंतर्गत क्रांति ला सकते है। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र में विकसित की जा रही तकनीक से हमारे किसानों को लाभ मिले इसके विशेष प्रयास किए जाएं। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने प्रक्षेत्र में पाले जा रहे गोवंश का निरीक्षण किया तथा पशुओं के प्रबन्धन पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने प्रक्षेत्र पर गायों के दुहान हेतु अत्याधुनिक मिल्किंग मशीन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। राज्यपाल ने प्रक्षेत्र पर उन्होंने आईवीएफ तकनीक में लैब के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। इस दौरान प्रयोगशाला प्रभारी डॉ0 अजयपाल सिंह असवाल द्वारा अवगत कराया गया कि लैब पर वर्तमान किया जाता है। उन्होंने कहा कि कालसी प्रक्षेत्र भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीकी क्षेत्र में देश में अग्रणी है। वर्तमान तक प्रक्षेत्र पर भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से 649 वत्स उत्पन्न किये जा चुके है। भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से उत्पन्न नर वत्सों को देश के पशुचिकित्साविदों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रक्षेत्र के परियोजना के निदेशक डॉ0 एस0 के0 सिंह बर्तवाल द्वारा प्रक्षेत्र पर स्थापित कृषक प्रशिक्षण केन्द्र पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की





अनुवांशिकी सुधार हेतु राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत स्थापित आईवीएफ लैब का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने आईवीएफ-भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से उच्च दुग्ध क्षमता वाले वत्स उत्पन्न कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। तक देशी गौवंश के 3286 एम्ब्रो प्राप्त किये गये जिसमें से 2648 प्रत्यारोपण हेतु उपयुक्त पाये गये, उनमें से 1618 भ्रूणों को प्रत्यारोपित कर 802 पशु गर्भित किये गये तथा 1038 भ्रूणों को संरक्षित किया गया। केन्द्र के द्वारा भ्रूणों को विक्रय भी विभिन्न प्रदेशों को प्रजनन हेतु विक्रय किया जाता है। साथ ही संस्थान आईवीएफ तकनीक में मानव संसाधन को विकसित करने के लिए देश भर के विश्वविद्यालयों के प्रवक्ताओं, अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों तथा जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि पशुधन की पौष्टिकता वर्ष भर बनाये रखने के लिए केन्द्र पर फीडर फॉडर बैंक स्थापित है जिसमें भूसा, शीरा एवं दाना को मिलाकर संपीडिक कर ब्लाक बनाये जाते है तथा गढ़वाल मंडल के विकास खंड स्तरीय पशुचिकित्सालयों में परिवहन कर पशुपालक तक पहुंचाया जाता है।अपने भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने कालसी स्थित अशोक शिलालेख का भ्रमण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐतिहासिक महत्व के इस स्मारक में सम्राट अशोक के नैतिक उपदेशों और उनके शासनकाल के बारे में जानकारी मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल के बारे में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि लोग यहां आएं और इस स्मारक को देख सकें। इस भ्रमण के दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड श्री विनोद कुमार सुमन, मुख्य अधिशासी अधिकारी उत्तराखण्ड लाईवस्टॉक डेवलपमेन्ट बोर्ड डॉ0 आर एस नेगी, प्रक्षेत्र के परियोजना निदेशक डॉ एस के बिन्जोला, संयुक्त निदेशक मुख्यालय, डॉ एस के सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अमित देवराड़ी, डॉ मृदुला तिवारी, डा मयंक मैठाणी, डॉ अर्चना एवं डॉ ममता उपस्थित रहीं।

## श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पलटी, कई यात्री घायल

टनकपुर। पिथौरागढ़ हाइवे पर ककराली गेट के पास श्रद्धालुओं से भरा मैक्स वाहन ओवर टेक करने के प्रयास में रेलिंग से टकराकर सड़क में पलट गई। आस पास के लोगों ने तत्काल घायलों को वाहन से निकाला। नौ घायलों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों टीम घायलों के इलाज में जुटी रही। सभी श्रद्धालु यूपी के जिला कासगंज के आपस में रिश्तेदार और परिचित हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे पिथौरागढ़ हाइवे पर ककराली गेट तड़ागी पेट्रोल पंप के पास मैक्स संख्या यूके03टीए 0170 का चालक मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को लेकर ठूलीगाड़ को जा रहा था। इस बीच श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस संख्या यूके 07पीए3476 के आगे जाने पर मैक्स चालक ने ओवर टेक करने का प्रयास किया। इस पर मैक्स का पिछला हिस्सा बस से टकरा गया और मैक्स रेलिंग तोड़कर सड़क में पलट गई। इससे मैक्स सवार 18 श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और मैक्स से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही एसएसआई बीएस बिष्ट पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा और बस और मैक्स को कब्जे में लिया। चिकित्सक डा. आफताब अंसारी ने भी कुछ गंभीर घायलों को अपने वाहन से उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों की टीम के साथ सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी इलाज में जुटे। घायलों में कासंगज निवासी सुशीला देवी (55) पत्नी स्व. दिनेश चंद्र, दिनेश राजपूत (35) पुत्र प्रेम राज सिंह, मानवती( 60 ) पत्नी प्रेम राज सिंह, रामबेटी(50) पत्नी दीपक सिंह, कृष्णा ( 8 ) पुत्र दिनेश कुमार, रुबी (32) पत्नी दिनेश कुमार, राकेश( 34) वर्ष पुत्र गोपी चंद, शिखा (14 )पुत्री अवधेश पाल, वंशिका (14)पुत्री सौराज सिंह का इलाज किया गया। सीएमएस ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है। उनकी हालत में सुधार है। श्रद्धालुओं ने बताया कि वह कासगंज से दोपहर स्टेशन पर पहुंची मेला स्पेशल ट्रेन से आए और नगर से मैक्स वाहन में बैठ कर मां पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे थे। बताया गया कि मैक्स वाहन चालक हादसे के बाद मौके से गायब हो गया। एसएसआई बिष्ट ने बताया कि जांच की जा रही है।

## रिश्वत लेते वन विभाग का दरोगा गिरफ्तार

पौड़ी। विजिलेंस की टीम ने वन विभाग चाकीसैंण सैक्सन पावौ रेन्ज पौड़ी के वनरिश्वत लेते वन विभाग का दरोगा गिरफ्तार दरोगा को सरकारी कार्य की एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत सही पाई जाने पर विजिलेंस की टीम ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया बीते 2 मार्च 2024 को पैठाणी पौड़ी गढवाल में वन पंचायत पाबो की सभा हुई थी। जिसमें वन पंचायत के अन्तर्गत आने वाले गांवों की आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगो को मुर्गी, बकरी पालन जैसे कार्यो को विभागीय अनुदान दिये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता ने बकरी पालन के लिए 50 हजार का अनुदान मांगा। जिसके बाद विभाग ने उसके खाते में राशि जमा करा दी। इस बीच वह मौजूद वन दरोगा हंस राज पंत ने शिकायतकर्ता से उस सम्बन्ध में फार्म भरवाने और विभागीय अनुदान पास करवाने की एवज में रिश्वत की मांग की। जिसके बाद विजिलेंस की टीम ने मंगलवार को चाकीसैंण सैक्सन पावौ रेन्ज पौड़ी के वन दरोगा हंस राज पंत को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पैठाणी बाजार पौड़ी गढवाल से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## छेड़छाड़ के डर से स्कूल नहीं गई छात्रा

खटीमा। एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मनचले के डर की वजह से छात्रा एक माह से स्कूल नहीं जा रही थी। एक महीने तक छात्रा के स्कूल नहीं आने पर अध्यापकों ने उसके घर पर पता किया तो गांव के एक बदमाश की छेड़छाड़ के डर से स्कूल नहीं आने की बात सामने आई। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।मंगलवार को कोतवाली पहुंचे छात्रा के पिता ने कहा कि वह गांव में ही किराये में रहकर चाट का ठेला लगाते हैं। उनकी बेटी कक्षा सात में पढ़ती है जिसे गांव का ही एक युवक परेशान कर रहा है। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी के डर से उनकी बेटी स्कूल नहीं जा पा रही है। छात्रा ने बताया कि एक माह से आरोपी युवक स्कूल आते-जाते समय उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है। किसी से शिकायत करने पर आरोपी उसके पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## डिग्री कॉलेज में एल्डा फाउंडेशन ने भेंट किये पंखे

गदरपुर (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी में बच्चों को शिक्षण कार्य में हो रही असुविधा को देखते हुए एल्डा फाउंडेशन ने राजकीय महाविद्यालय को दो पंखे प्रदान किये हैं। प्राचार्य शर्मिला सक्सेना ने स्वयंसेवी संस्थाओं से महाविद्यालय में पंखे, कूलर व पेयजल हेतु सहयोग की अपील की थी।जिससे बच्चे सुचारू रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। एल्डा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ0 पूजा शाहीन ने गदरपुर के राजकीय महाविद्यालय को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया था उनके द्वारा अभी हाल ही में सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन भी उपलब्ध करवाई गई थी,अब उन्ही के सहयोग से महाविद्यालय को दो पंखे भी उपलब्ध करवाए गए हैं। संस्था के कोर्डिनेटर प्रदीप फुटेला व राकेश गुम्बर ने प्राचार्य शर्मिला सक्सेना को पंखे प्रदान किये ।इस दौरान अशोक कुमार, डॉ0 तनुजा ,मुकेश पाल समेत कॉलेज का स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**महिला और युवक ने ..**पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके चार बच्चे 8 वर्षीय युवराज, 6 वर्षीय सुनयना, 4 वर्षीय कसक व 2 वर्षीय लक्ष हैं। वहीं एक अन्य घटना में नगला पंतनगर निवासी 22 वर्षीय करन पुत्र स्व. दुर्गा साहू ने भी अज्ञात कारणों के घर में गत सायं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों ने बताया कि मृतक करन दो भाईयों नरेश व विजय में बीच का था। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब रहती थी जिस कारण वह मानसिक रूप से तनाव में रहता था। गत देर सायं उसने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है व माता बचपन में ही परिवार को छोड़ गई थी। के दोनों भाई मजदूरी करते हैं। मामले की जानकारी मिलने पर निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी व राज्य आन्दोलनकारी हरीश जोशी ने मोर्चरी पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दाह सस्कार की व्यवस्था करवाई।

**खूंखार सांड ने ...**मदद से आवारा सांड को काबू करने का प्रयास किया। लेकिन 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी आवारा सांड टीम के काबू में नहीं आ सका। जेल प्रशासन ने आवारा सांड को काबू में करने के लिए वन विभाग को सूचना दी है। बुधवार को पशु चिकित्सकों की टीम नैनीताल वन विभाग की टीम के साथ जाकर आवारा सांड को ट्रेंकुलाइजर कर काबू में कर सकती है। पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सांड को काबू में कर बदियाकरण किया जाएगा। इससे सांड काफी हद तक शांत होगा।

**ट्राला और टाटा सूमो...** पुत्र लेखूमल, 17 वर्षीय सोनिया, पुत्री अजय, 22 वर्षीय काजल पत्नी अजय, 22 वर्षीय मोहित, पुत्र अजय, दिल्ली निवासी 21 वर्षीय प्रिया पत्नी अरुण, 3 वर्षीय यूबी पुत्री अरुण, 37 वर्षीय अरुण , गाजियाबाद निवासी 25 वर्षीरू एकांत राठौर पुत्र रामपाल राठौर, मथुरा निवासी 24 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र हंसी लाल, 23 वर्षीय रोहित पुत्र कालीचरन, गुमानी वाला ऋषिकेश निवासी सेमुअल मसीह पुत्र सुरजीत मसीह, ट्रोला चालक ग्राम इजुरा खुर्द थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर निवासी हरि नारायण पुत्र राम लखन आदि शामिल हैं।

**घर के बाहर...**विक्रम सिंह ने बताया कि गुलदार के हमले में घायल चार वर्षीय बच्ची के गर्दन और फेफड़ों में गहरे जख्म हैं। लड़की की हालत गंभीर है और रेफर करने की स्थिति बन सकती है। श्रीनगर में बीते चार महीने में गुलदार 14 लोगों को घायल कर चुका है। जबकि तीन बच्चों को अपना निवाला बना चुका है। इससे पहले 17 मई को डांग तिराह से गुलदार ने तीन वर्षीय बच्चे को अपना निवाला बनाया था। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

**फेरी की आड़ में ...**हुए उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति परवेश से पुलिस द्वारा पूछताछ की गयी तो उसने बताया गया कि वह फेरी का काम करता है व नशे का आदी है। सीओ ने आम जनता से अपील की है कि गर्मी के मौसम मे रोड पर भीड भाड कम रहती है अत: अपने छोटे बच्चो को घर से बाहर अपनी निगरानी पर रखते हुए विशेष सतर्कता बरते तथा अन्जान व संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरन्त पुलिस को सूचित करे ।

**दुकान खाली कराने ...**रात्रि 8 बजे केशव दत्त तिवारी अपने साथ 3 लड़को को लेकर आया और दुकान खाली कराने की धमकी दी। अगले दिन केशव तिवारी, उसकी पत्नी मंजू तिवारी व उसकी काम वाली ने दुकान में आ धमके और सारा सामान बाहर फेंक दिया। उसके साथ हाथापाई भी। उसने इसकी शिकायत भोटियापड़ाव चौकी के साथ ही एसएसपी को भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 17 अक्टूबर 2023 को उसकी दुकान वहां से हटा दी गई और लाखों रूपए का सामान भी गायब कर दिया। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गोदाम से ..**कटान का चल रहा है तथा लिप्टिस की लकड़ी के ढुलान के ठेकेदार द्वारा यह लकड़ी अवैध ग्रुप से चोरी करके यहां छुपाई गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनके स्तर से भी कार्रवाई की जा रही है तथा इस मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए वन निगम के अधिकारियों को भी सूचित किया जा रहा है।

## बी.ए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गदररपुर (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में सत्र 2024-25 के लिए बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया 1 मई से आरंभ हो चुकी है, पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई 2024 है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना ने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान समय में सात विषय- हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, की कक्षाएं संचालित हो रही हैं, इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स रेंजर्स, खेल कूद, उद्यमिता, कौशल विकास, करियर काउंसलिंग एवं अन्य शैक्षणिक व पाठ्येतर गतिविधियों में विद्यार्थी भली-भांति प्रतिभा करते हैं। प्राचार्य ने बचाया कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक गदरपुर क्षेत्र के आसपास के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों से अपील है कि राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में प्रवेश हेतु जल्द से जल्द समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा लें।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अश्वनी कुमार दुनेजा (ASHWANI KUMAR DUNEJA) था। अब मेरा नाम अश्वनी कुमार (ASHWANI KUMAR) हो गया है तथा मैं भविष्य में भी (ASHWANI KUMAR) अश्वनी कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश के नाम से ही लिखित एवं मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाऊंगा।

अश्वनी कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश
निवासी- एफ-64/3, आदर्श कालोनी,
रूद्रपुर,जिला ऊधमसिंह नगर,उत्तराखण्ड

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सीमा रानी दुनेजा (SEEMA RANI DUNEJA) था। अब मेरा नाम सीमा (SEEMA RANI) हो गया है तथा मैं भविष्य में भी (SEEMA RANI) सीमा रानी पुत्री श्री रामनाथ गाबा के नाम से ही लिखित एवं मौखिक रूप से जानी व पहचानी जाऊंगी।

सीमा रानी पुत्री श्री रामनाथ गाबा
निवासी- एफ-64/3, आदर्श कालोनी,
रूद्रपुर,जिला ऊधमसिंह नगर,उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सर्व शिक्षा अभियान को 'आईना' दिखाते कूड़ा बीनते बच्चे

## बाल संरक्षण आयोग सदस्या बोली, करोड़ों खर्च रही सरकार



**-हनीफ बाबा-**

सितारगंज। नये स्कूल सत्र को शुरू हुए कई माह बीत चुके हैं। लेकिन अभी भी नगर में कई बच्चे ऐसे हैं जिनका किसी भी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ है। ऐसे कई बच्चे स्कूल जाने की उम्र में कूड़ा कचरा बीन रहे हैं। इससे ये बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। नगर की गलियों व नालियों में अकसर इस तरह के बच्चे घूमते देखे जाते हैं लेकिन इन्हें स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए जिम्मेदार कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। नगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में रोजाना इस तरह से तीन से चार बच्चे हाथ में थैली लेकर कूड़ा कचरा बिनते दिख रहे हैं। इन्हें स्कूलों में दाखिला दिलाने व शिक्षा से जोड़ने के लिए सर्व शिक्षा अभियान और बाल अधिकार जैसी योजनाओं में सरकार काफी धन खर्च भी कर रही है। लेकिन जिम्मेदार कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। इनको किसी भी सामाजिक संगठनों के न तो इन्हें स्कूल की ओर पहुंचाया जा रहा है। न ही कोई काउंसलिंग की जा रही है। जागरूकता के अभाव में इन बच्चों को पालक इन्हें स्कूल नहीं भेज रहे है। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा के व्यस्त होने के कारण इस संबंध में पक्ष नहीं लिया जा सका। स्कूल चलो अभियान पर सरकार लाखों रुपए खर्च कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान केवल दीवार लेखन तक सिमट कर रह गया है।

## करोड़ों रुपए खर्च कर रही राज्य सरकार: सुमन राय



सितारगंज। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राय ने बताया कि सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर रही है ताकि बच्चे को भिक्षा नही शिक्षा मिल सके। लेकिन बच्चों के पालक लालच में बच्चों का भविष्य खराब कर रहे है। समाजसेवी भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। वे बच्चे की बिना कर्म के फल प्राप्त करने की आदत डाल रहे है। उन्होंने शिक्षा विभाग को इस तरह के बच्चों को चिन्हित का विद्यालयों से जोड़ने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

## बच्चों को सरकारी स्कूलों में दिलाएं दाखिला: रवि रस्तोगी



सितारगंज। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने बताया कि कचरा बिनने वाले बच्चों के पालक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने बच्चों से वार्ता की। बताया कि इन बच्चों को भरपेट भोजन तक नहीं मिल पाता है। इससे ये बच्चे अपना पेट भरने के लिए दिनभर कचरे के ढेरों से खाली बोतल, प्लास्टिक व लोहा चुनकर बेचकर अपना पेट भर रहे हैं। जबकि पालक यदि इन्हें सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाएं तो इन्हें सरकार की योजना के तहत मध्याह्न भोजन मिलेगा। साथ ही पुस्तकें सहित स्कूल की यूनिफॉर्म भी शासन की ओर से स्कूलों में बच्चों को दी जा रही है।

## दुआओं की दरखास्त के साथ मदीने के लिए हज यात्री रवाना



सितारगंज (उद संवाददाता)।राज्य से हज यात्रियों का दूसरा जत्था देश की उन्नति और खुशहाली की दुआओं की दरखास्त के साथ मदीने शरीफ के लिए रवाना हो गया है। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने सभी आजमीन हज से दुआओं की दरखास्त की। राज्य हज कमेटी के चौयरमैन खतीब अहमद ने बताया कि प्रदेश के 242 हज यात्रियों की फ्लाइट आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल 3 नई दिल्ली से मदीना सऊदी अरब के लिए रवाना हुई। हज यात्रियों को मदीना शरीफ के मुबारक सफर पर रवाना करते समय देश की उन्नति व खुशहाली के लिए आजमीन हज से दुआओं की दरखास्त की गई। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य से 1020 हज यात्री मदीना सऊदी अरब हज के लिए पहुँच चुके है। इस मौके पर उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, हज कमेटी के हज अधिकारी मो0 अहसान, हज कमेटी के कार्यालय स्टाफ अब्दुल कादिर, मो0 इजहार, अब्दुल शाहिद मौजूद रहे।

## झाड़ी में मिला चाय विक्रेता का शव



दिनेशपुर( उद संवाददाता)। एक बुजुर्ग चाय विक्रेता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक का शव एक झाड़ी में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मृत्यु होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। उसकी मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। वार्ड चार निवासी नंदन सिंह रावत (62)गूलरभोज मार्ग पर भारत गैस एजेंसी के पास चाय की दुकान लगाता था। मंगलवार की सुबह उसने दुकान खोली। थोड़ी देर बाद पड़ोसी से शौच को जाने की बात कहकर वह दुकान से चला गया। काफी देर तक वह दुकान में नही आया। जिस पर चिंतित परिजनों ने आस-पास के लोगों को साथ लेकर नंदन सिंह की खोजबीन शुरू की। दोपहर बाद उसका शव दुकान के सामने एक खाली प्लाट में झाड़ी में पड़ा मिला।मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। नंदन सिंह 14 साल पहले परिवार सहित वार्ड चार में आकर बस गए थे।वह मूलरूप से गांव सकरकोला सल्ट जिला अल्मोड़ा के निवासी है। परिवार में पत्नी कौशल्या देवी के अलावा दो बेटा और दो बेटी है। दोनों बेटी के साथ बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। उनकी मृत्यु के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से हुई मौत का मामला प्रतीत होता है।

## पुलिस ने चार वारंटी किये गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। कोलकाता चौकी प्रभारी ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है । जिसमें एक एन बी का वारंटी भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलकाता चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमित सिंह पुत्र दिलेर सिंह ,बूटा सिंह पुत्र इंदर सिंह दीवान चंद पुत्र किशन सिंह नवासी जीरो बांदा धोरा धाम पिछले काफी



समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिनके न्यायालय द्वारा सम्मन जारी किए गए थे आज पुलिस द्वारा तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया जबकि एन बी का वारंटी कन्हैयालाल पुत्र तुलसी निवासी प्रयाग फॉर्म भी न्यायालय में वांछित चल रहा था उसको भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वारंटी को गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से उप निरीक्षक धीरेंद्र पंत प्रभारी चौकी कोलकाता फॉर्म हेड कांस्टेबल राकेश भट्ट कास्टेबल हरीश मेहरा शामिल थे।

## रीठा साहिब के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

किच्छा( उद संवाददाता)। बंडिया से श्रद्धालुओं का एक जत्था मोटरसाइकिल से चंपावत जिले के रीठा साहब गुरुद्वारे माथा टेकने लिए प्रात: रवाना हुआ।जो कि विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए रीठा साहिब पहुंचेगा।श्रद्धालुओं ने बताया कि आज शाम तक रीता साहिब गुरुद्वारा पहुंच जाएगा। बाबा के यहां माथा टेक कर बाबा जी का प्रसाद ग्रहण कर दिन बृहस्पतिवार को किच्छा के लिए प्रस्थान करेंगे। रीठा साहिब के दर्शन करने जाने से पूर्व भक्तों ने जय कारों के साथ नारा लगाया श्रद्धालुओ में मुख्य रूप से, गगन ,गुड्डू, परमजीत सिंह, हैप्पी सिंह, भगत सिंह ,संदीप , राजेंद्र, आकाश आदि शामिल थे।



## विद्युत चोरी में एक नामजद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग उप खण्ड अधिकारी अंशुल मदान ने एक भवन स्वामी के विरूद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया है। जिसमें अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड ने कहा है कि वह पारुल कुमार अवर अभियन्ता, रुप बसन्त लाईनकमी, अमित चन्द्र आर्या सहायक अभियन्ता व शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सतर्कता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र के साथ चैकिंग करते कस्तूरी वाटिका टांजिट कैम्प निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र फकीर चन्द्र राठौर के आवास पर पहुंचे। जहां डायरेक्ट केबल डालकर विद्युत चोरी का मामला सामने आया। मौके पर केबल कब्जे में लेकर सील की गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

